भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 788
गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन अवसंरचना के लिए निधि

788 श्री एम. शनमुगम:
श्री वाइको:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य के लिए, विशेष रूप से तिरुचि, तंजावूर, तिरुवारूर, मयिलाडुतुरै, तैन्काशी, विरूदुनगर, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी जिलों जहां समृद्ध और पर्याप्त संख्या में पर्यटन स्थल और इको पर्यटन भी हैं, को कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) पर्यटन अवसंरचना में सुधार के लिए संधारणीय और उत्तरदायी केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाने के लिए राज्य में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या पर्यटन विकास की प्रचुर संभावनाओं को देखते हुए राज्य के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक धनराशि आवंटित की जाएगी, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों में पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास हेतु 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य एवं पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से अब अपनी स्वदेश दर्शन योजना को

स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है। एसडी 2.0 के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में विकास हेतु 'मामल्लपुरम' तथा 'नीलगिरी' गंतव्यों को चिह्नित किया गया है।

राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों से पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता का अनुरोध करते हुए समय-समय पर प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार इन प्रस्तावों की जाँच की जाती है और विनिर्दिष्ट प्रावधानों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता की शर्त पर इन परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी जाती है।

*****

अनुबंध

श्री एम. शनमुगम और श्री वाइको द्वारा पर्यटन अवसंरचना के लिए निधि के संबंध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 788 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परिपथ / स्वीकृत वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
1.	तमिलनाडु	तटवर्ती परिपथ 2016-17	(चेन्नई - मामल्लापुरम - रामेश्वरम - मनपाडु - कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03

प्रशाद योजना **(करोड़ रु. में)**

राज्य	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**	**जारी की गई राशि**
तमिलनाडु	1.	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	13.99
	2.	वेलंकनी का विकास	2016-17	4.86	4.86

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य**	**परियोजनाओं का नाम**	**केंद्रीय एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
वर्ष 2012-13					
1.	तमिलनाडु	चेन्नई बंदरगाह में मौजूदा पैसेंजर टर्मिनल में क्रूज पैसेंजर सुविधा केन्द्र	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	17.25	17.25
वर्ष 2017-18					
2.	तमिलनाडु	रामेश्वर रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.70	3.76
वर्ष 2018-19					
3.	तमिलनाडु	मदुरै रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	4.48	3.56

*****